# MEDICAL SCIENCE

| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 300 |
|---|---|

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* **1** *and* **5** *which are compulsory, and any* **three** *of the remaining questions selecting at least* **one** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

*Wherever required, the candidates may use coloured pencils for drawing sketches and diagrams in the answer book.*

---

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## SECTION A

1. Answer any *five* of the following :

   (a) Explain the origin and course of Facial Nerve. Describe its functional components and distribution. What is Bell's palsy and give the anatomical reasons for the presenting signs ? *4+6+2=12*

   (b) Describe the blood supply and lymphatic drainage of stomach. Add a note on the applied anatomy of both. *9+3=12*

   (c) Define sleep. Write briefly on architecture of a sleep cycle. What are the variations in it with age ? *3+5+4=12*

   (d) Write the steps in lactation. What are the advantages of breast feeding ? *3+9=12*

   (e) How are deletions in 'gene causing diseases' detected ? Explain in terms of Duchenne Muscular Dystrophy (DMD). *12*

   (f) Chronic renal failure leads to Osteodystrophy. Outline the chain of events. *12*

2. (a) Describe the ventricles of brain. Add a note on the circulation of CSF. Mention the usual site of collection of CSF and state the anatomical reason for selecting this site. *14+4+2=20*

   (b) Describe the development of heart chambers. Mention the common congenital anomalies and explain the developmental reasons for them. *14+6=20*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** के उत्तर दें :

(क) आनन तंत्रिका के उद्गम एवं पथ की व्याख्या करें । उसके क्रियात्मक घटकों एवं वितरण का वर्णन करें । बेल अंगघात क्या है और उसके प्रस्तुति चिह्नों के शारीरिक कारकों की व्याख्या करें । *4+6+2=12*

(ख) आमाशय के रक्त संभरण तथा लसीका निकास का वर्णन करें । दोनों के अनुप्रयुक्त शरीर रचना विज्ञान पर टिप्पणी लिखें । *9+3=12*

(ग) निद्रा को परिभाषित करें । निद्रा चक्र की रचना पर संक्षेप में लिखें । उसमें उम्र के साथ क्या परिवर्तन दृष्टिगत होते हैं ? *3+5+4=12*

(घ) स्तन्यस्रवण के चरणों को उल्लेखित करें । स्तन पोषण के क्या-क्या लाभ हैं ? *3+9=12*

(ङ) 'जीन कारक रोगों' में विलोपन की पहचान कैसे की जाती है ? इसकी डूशेन पेशी अपविकास [Duchenne Muscular Dystrophy (DMD)] के संदर्भ में व्याख्या करें । *12*

(च) चिरकाली वृक्क पात से अस्थि-दुष्पोषण उत्पन्न होता है । इसमें घटित होने वाली विविध घटनाओं की शृंखला की रूपरेखा प्रस्तुत करें । *12*

2. (क) मस्तिष्क में उपस्थित निलयों का वर्णन करें । CSF के परिसंचरण पर टिप्पणी लिखें । वह स्थल कौन-सा है जहाँ CSF सामान्यतः एकत्रित होता है और शरीर रचना विज्ञान की दृष्टि से यह स्थल चुनने का आधार बताएँ । *14+4+2=20*

(ख) हृद् कोष्ठों के परिवर्धन का वर्णन करें । इसमें होने वाली आम जन्मजात असंगतियों को उल्लेखित करें और उनके परिवर्धन कारकों की व्याख्या करें । *14+6=20*

(c) Describe the gross anatomical features and relations of kidney. Explain its arterial supply and vascular segments. Add a note on the development of kidney. *10+5+5=20*

3. (a) What is the role of ADH in maintaining the plasma osmolarity and volume ? What will happen in its deficiency ? *8+8+4=20*

(b) Write the morphology of red blood corpuscles. List the factors required for their formation and mention how the shape is advantageous. *5+10+5=20*

(c) Enumerate the functions of cardiovascular system. What will happen if valves would not have been there ? *15+5=20*

4. (a) Substantiate the following statement : *20*

"Deficiency of a trace element leads to diminished glucose tolerance."

(b) The use of oral contraceptives appears to increase the requirement of a vitamin. Which vitamin is involved ? Explain why. How is this identified clinically ? *20*

(c) Explain :

(i) Non-standard amino acids and their biological functions.

(ii) Importance of enzyme assay to assess liver function. *10+10=20*

(ग) वृक्क की सकल शरीर रचना तथा शारीर संबंधों का वर्णन करें । उसके रक्त संभरण (धमनीय) तथा रक्तघर (संवहन) खंडों की व्याख्या करें । वृक्क के परिवर्धन पर टिप्पणी लिखें । *10+5+5=20*

3. (क) प्लाज़्मा की परासारिता तथा आयतन को बनाए रखने में ADH की क्या भूमिका है ? ADH-हीनता की स्थिति में क्या होगा ? *8+8+4=20*

(ख) लोहित (लाल) रक्त कणिकाओं की आकारिकी के विषय में लिखें । उनके निर्माण के लिए आवश्यक घटकों की पूरी सूची दें और यह बताएँ कि उनके विशेष आकार का क्या लाभ है । *5+10+5=20*

(ग) हृद्-वाहिका तंत्र के कार्यों को गिनाएँ । यदि वाल्व नहीं होते तो उसका क्या परिणाम होता ? *15+5=20*

4. (क) निम्नलिखित कथन की अभिपुष्टि करें : *20*

"एक लेश तत्त्व की हीनता ग्लूकोस सह्यता को घटाती है ।"

(ख) मुखी-गर्भनिरोधक का प्रयोग किसी एक विटामिन की कुल आवश्यकता में वृद्धि ले आता है । यह विटामिन कौन-सा है और इसकी आवश्यकता बढ़ने के पीछे क्या कारण है ? व्याख्या करें । रोगलक्षण स्तर पर इसकी पहचान कैसे की जाती है ? *20*

(ग) (i) अमानक ऐमीनो अम्लों और उनके जैविक कार्यों की व्याख्या करें ।

(ii) यकृत् के कार्यों का मूल्यांकन करने में एन्ज़ाइम आमापन के महत्त्व की व्याख्या करें । *10+10=20*

## SECTION B

**5.** Attempt any ***five*** of the following :

(a) Discuss the role of FNAC and biopsy in the diagnosis of neoplasms of Breast. Briefly mention the different histopathological types of breast carcinoma. *6+6=12*

(b) What are the predisposing factors in the etiology of oral cancer ? Briefly describe the malignant lesions that are likely to affect the oral cavity. *6+6=12*

(c) Name the SHIGELLA species causing diseases in man. Describe the pathogenesis of Bacillary dysentery. What are the laboratory procedures in the diagnosis of Bacillary dysentery ? Mention how laboratory findings in Bacillary dysentery are different from those of Amoebic dysentery. *12*

(d) Discuss the mechanism of action of the following drugs : *12*

- (i) Rosiglitazone
- (ii) Chloroquine
- (iii) Cyclosporin
- (iv) Lovostatin

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** के उत्तर दें :

(क) स्तन के अर्बुदों के निदान में FNAC तथा बायॉप्सी की भूमिका की विवेचना करें । स्तन कार्सिनोमा के विभिन्न ऊतकविकृति प्ररूपों के विषय में संक्षेप में लिखें । *6+6=12*

(ख) मुख कैंसर की हेतुकी में कौन-कौन से कारक पूर्ववृत्तिक हैं ? मुख गुहा में होने वाली दुर्दम विक्षतियों का संक्षेप में वर्णन करें । *6+6=12*

(ग) मनुष्य में रोग उत्पन्न करने वाली शिगेला जाति का नाम लिखें । दण्डाणुज अतिसार के रोगजनन का वर्णन करें । दण्डाणुज अतिसार का निदान करने के लिए कौन-सी प्रयोगशाला प्रक्रियाएँ काम में लायी जाती हैं ? दण्डाणुज अतिसार तथा अमीबी अतिसार के बीच प्रयोगशाला जाँच-परीक्षणों के परिणामों में क्या-क्या भेद पाया जाता है ? *12*

(घ) निम्नलिखित औषधियों के कार्य करने की क्रियाविधि का विवेचन करें : *12*

(i) रोसीग्लिटाजोन (Rosiglitazone)

(ii) क्लोरोक्वीन (Chloroquine)

(iii) साइक्लोस्पोरिन (Cyclosporin)

(iv) लोवोस्टेटिन (Lovostatin)

(e) Write about the clinical status (use) of the following drugs : *12*

(i) Tamoxifen

(ii) Cis-platinum

(iii) Griseofulvin

(iv) Chloramphenicol

(f) Enumerate the various types of injuries. Describe the injuries produced by a sharp weapon. *12*

**6.** (a) Define Cirrhosis of Liver. Classify the different cirrhotic conditions of the liver. Discuss the etiopathogenesis and pathology of primary biliary cirrhosis. *3+6+3+3=15*

(b) What are the possible contributing factors in the genesis of Bronchogenic Carcinoma ? Briefly describe the pathologic features of the different carcinomas of the bronchus. What are the problems in early diagnosis of this disease ? *4+8+3=15*

(c) What are Immunoglobulins ? Classify Immunoglobulins. Describe their role in host defence against communicable diseases. What are the modes by which immunoglobulins act on antigens ? *15*

(d) What is the etiology of Epidemic Meningitis ? Describe the laboratory methods in the diagnosis of Epidemic meningitis. Compare the laboratory findings with those of Aseptic meningitis. *15*

(ङ) निम्नलिखित औषधियों की क्लीनिकल स्थिति (प्रयोग) के विषय में लिखें : *12*

(i) टैमोक्सीफेन (Tamoxifen)

(ii) सिस-प्लैटिनम (Cis-platinum)

(iii) ग्रिज़िओफुल्विन (Griseofulvin)

(iv) क्लोरमफेनिकॉल (Chloramphenicol)

(च) विभिन्न प्रकार के अभिघातों को गिनाइए । तेज धार वाले हथियार से होने वाले अभिघातों का वर्णन करें । *12*

6. (क) यकृत् सिरोसिस को परिभाषित करें । यकृत् की विभिन्न सिरोटिक दशाओं को वर्गीकृत करें । प्राथमिक पैत्तिक सिरोसिस के हेतु-विकृतिजनन तथा विकृति विज्ञान की विवेचना करें । *3+6+3+3=15*

(ख) श्वसनीजन्य कार्सिनोमा के जनन में किन-किन कारकों का संभावित रूप से योगदान है ? श्वसनी में होने वाले विभिन्न प्रकार के कार्सिनोमा की विकृति विज्ञान विशेषताओं का संक्षेप में वर्णन करें । इस रोग के आरंभिक अवस्था में निदान करने में क्या समस्याएँ हैं ? *4+8+3=15*

(ग) इम्यूनोग्लोब्युलिन क्या हैं ? इम्यूनोग्लोब्युलिनों को वर्गीकृत करें । संचारी रोगों के विरुद्ध परपोषी सुरक्षा में उनकी भूमिका का वर्णन करें । इम्यूनोग्लोब्युलिन किस-किस ढंग से प्रतिजनों पर असर करते हैं ? *15*

(घ) जानपदिक मस्तिष्कावरणशोथ की हेतुकी क्या है ? प्रयोगशाला में उसे निदान करने में काम में लाई जाने वाली विधियों का वर्णन करें । जानपदिक मस्तिष्कावरणशोथ तथा अपूतित मस्तिष्कावरणशोथ में प्रयोगशाला परीक्षण पर प्राप्त होने वाली विशेषताओं की तुलना करें । *15*

7. Write about the differences between the following drugs : *15×4=60*

(a) Aspirin and Paracetamol

(b) Nitroglycerin and Verapamil

(c) Prazosin and Atenolol

(d) Captopril and Losartan

8. (a) Describe the mechanism of injuries sustained by a pedestrian on being hit by a four-wheeler. *20*

(b) How will you plan to collect and preserve the samples for DNA profiling and other tests in a case of mass disaster having mutilated and dismembered bodies ? *20*

(c) Describe the signs, symptoms and treatment of acute parathion poisoning. *20*

**7.** निम्नलिखित औषधियों के बीच पाए जाने वाले अंतरों के विषय में लिखें : *15×4=60*

(क) ऐस्पिरिन तथा पैरासेटामोल

(ख) नाइट्रोग्लिसरीन तथा वैरापामिल

(ग) प्रेजोसीन तथा ऐटेनोलॉल

(घ) केप्टोप्रील तथा लोसार्टन

**8.** (क) चार-पहिया-वाहन से टक्कर लगने पर पैदल चल रहे व्यक्ति को पहुँची चोटों की क्रियाविधि का वर्णन करें । *20*

(ख) सामूहिक आपदा के परिणामवश छिन्नभिन्नांग तथा विच्छिन्न हुए देहों से DNA-परिच्छेदिका एवं अन्य जाँच-परीक्षणों के लिए आप कैसे नमूने लेंगे तथा उन नमूनों को कैसे सुरक्षित रखेंगे ? *20*

(ग) तीव्र पैराथियॉन विषाक्तता के चिह्न, लक्षण तथा उपचार का वर्णन करें । *20*

**C-DTN-K-NTA**

# चिकित्सा विज्ञान

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

---

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या* **1** *और* **5** *अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम* **एक** *प्रश्न चुनकर किन्हीं* **तीन** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

*आवश्यकता पड़ने पर परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तक में रेखाचित्रों/नक्शों तथा आरेखों के लिए रंगीन पेंसिल का प्रयोग कर सकते हैं ।*

---

***Note :*** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*